



आज़ादी का अमृत महोत्सव

हर घर जल
जल जीवन मिशन

# जल जीवन मिशन मध्यप्रदेश

# संवाद

सितम्बर 2023, अंक-5

## इस अंक के मुख्य विवरण


- मिशन की उपलब्धियाँ एवं समीक्षा बैठक
- स्वीकृत योजनाओं की स्थिति
- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन की प्रगति
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया


प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु मिशन के कार्यों को राज्य शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेष उपलब्धियॉ अर्जित की गई हैं, 30 सितंबर 2023 की स्थिति में प्रदेश के कुल 1 करोड़ 12 लाख ग्रामीण परिवारों में से कुल 65.50 लाख (58.39%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभी तक 148 समूह ग्राम जलप्रदाय योजनायें एवं 26,261 एकल ग्राम नलजल योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं, इस प्रकार पूरे प्रदेश के सभी 51,417 ग्रामों के लिए नलजल योजनाओं के नियोजन का कार्य पूरा किया जा चुका हैं। प्रदेश के सभी जिलों में योजना का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है, सतत् मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण कर कार्यों में प्रगति लाने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति समायावधि में कर सकें।

संजय कुमार शुक्ल
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

# मिशन की उपलब्धियाँ



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माननीय मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा दिनांक 27-09-2023 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल भवन, भोपाल में जल जीवन मिशन की समीक्षा की गई । समीक्षा बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, जल निगम के परियोजना निदेशक श्री ए.के. जैन सहित अन्य परिक्षेत्र, मंडल एवं खंड कार्यालयों के विभागीय अधिकारी एवं पीएमयू के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे।






दिनांक 09-09-2023 को प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, की अध्यक्षता में इंदौर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त खंडों के कार्यपालन यंत्रियों के साथ इंदौर में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा गई । समीक्षा बैठक में प्रमुख अभियंता कार्यालय भोपाल से प्रमुख अभियंता, जल निगम के परियोजना निदेशक, अधीक्षण यंत्री (मोनी.), कार्यपालन यंत्री, पीएमयू हेड, टीम लीडर, इंदौर परिक्षेत्र एवं अधीनस्थ मंडल एवं खंड कार्यालयों के विभागीय अधिकारी एवं पीएमयू के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे।


# स्वीकृत योजनाओं की स्थिति

### एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं का विवरण

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| कुल नियोजित ग्राम | 51,417 |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 26,261 |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 35,996 |

### मिशन की भौतिक प्रगति

| | |
|---|---|
| कुल लक्षित परिवार (एफएचटीसी) | 119.88 लाख |
| 15 अगस्त 2019 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 13.53 लाख (11.30%) |
| 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 49.20 लाख (41.04%) |
| 30 सितंबर 2023 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 65.50 लाख (58.39%) |




# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.

# जल जीवन मिशन की प्रगति



### एकल नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| पूर्ण | 8425 |
| प्रगतिरत | 16916 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 920 |
| योग | 26,261 |

### समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन प्रगति

| योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| पूर्ण | 33 | 1733 |
| प्रगतिरत | 109 | 32700 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 06 | 1563 |
| कुल | 148 | 35996 |






### शालाओं एवं आंगनवाड़ियों में पेयजल कार्यो की प्रगति

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या | 93,419 |
| पूर्ण शालाओं की संख्या | 74024 (79%) |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 1513 |
| प्रदेश में कुल आंगनवाडियों की संख्या | 66,896 |
| आंगनवाडियों की संख्या | 42917 (64%) |

# शीर्ष 05 डिवीजन में जल जीवन मिशन के समस्त घटकों में दिनांक 30 सितंबर 2023 की स्थिति में अद्यतन प्रगति

## क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | माह सितंबर तक कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है |
|---|---|---|---|
| धार | 1473 | 382833 | 278253 |
| बालाघाट | 1244 | 367277 | 268164 |
| खरगोन | 1140 | 353338 | 248230 |
| छिंदवाडा | 1889 | 349944 | 213973 |
| बैतूल | 1338 | 263882 | 193583 |
| **कुल** | **7084** | **1717274** | **1202203** |

## ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह सितंबर तक कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| धार | 1473 | 1473 (100%) |
| राजगढ़ | 1634 | 1365 |
| सिवनी | 1577 | 1349 |
| बालाघाट | 1244 | 1243 |
| गुना | 1255 | 1198 |
| **कुल** | **7183** | **6628** |

## ग्राम कार्य योजना (VAP) निर्माण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह सितंबर तक कुल ग्राम कार्य योजना निर्माण |
|---|---|---|
| राजगढ़ | 1634 | 1505 |
| धार | 1473 | 1473(100%) |
| रीवा | 2387 | 1411 |
| गुना | 1255 | 1190 |
| सतना | 1760 | 1182 |
| **कुल** | **8509** | **6761** |

## फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह सितंबर तक कुल ग्राम जिनमे 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|
| रीवा | 2386 | 1686 |
| विदिशा | 1532 | 1532(100%) |
| रायसेन | 1404 | 1404(100%) |
| धार | 1473 | 1402 |
| बैतूल | 1338 | 1338(100%) |
| **कुल** | **8133** | **7362** |

## "हर घर जल" ग्राम प्रमाणीकरण की स्थिति

| जिला | माह सितंबर में (रिपोर्टेड) | माह सितंबर में (प्रमाणित) |
|---|---|---|
| बैतूल | 389 | 271 |
| इंदौर | 492 | 258 |
| सीहोर | 389 | 220 |
| खंडवा | 340 | 190 |
| रायसेन | 325 | 178 |
| **कुल** | **1935** | **1117** |

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.**

# सफलता की कहानी



सीहोर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम अवंतीपुरा में महिला स्व-सहायता समूह ने जल जीवन मिशन के माध्यम से बदली ग्राम की तस्वीर। ग्राम में नलजल योजना के पूर्व से ग्राम में उपलब्ध कुओं एवं हैण्ड पम्प पर ही समस्त परिवार जल की आपूर्ति के लिए निर्भर थे। कुओं एवं हैण्ड पम्प से पानी लाना पड़ता था, जिससे ग्राम की लडकियाँ नियमित रूप से स्कूल समय पर नहीं जा पाती थी। ग्राम में योजना प्रारंभ के समय नल जल योजना के प्रति ग्रामीणों का निशुल्क जलापूर्ति का नजरिया था साथ ही नल जल योजना के प्रति जानकारी का अभाव भी था। जो कि एक चुनौती थी कि ग्राम में मिशन के बेहतर क्रियान्वयन हेतु क्या रणनिती तैयार कि जाए जिससे ग्रामीण समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सकें जिससे योजना के क्रियान्यन एवं मिशन के संचालन एवं संर्वधन में ग्रामीण परिवारों की सहभागिता को जोड़ा जा सके। जिसके लिए मिशन के प्रति ग्राम में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं घर-घर जाकर मिशन की बारे में विस्तापपूर्वक जानकारी प्रदान कर समुदाय को मिशन के प्रति जागरूक करना था।

इस महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए क्रियान्वित सहयोग संस्था ने खण्ड स्तर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मिशन से जुड़े अधिकारियों/समन्वयकों के साथ समन्वय कर एक बेहतर कार्ययोजना तैयार की जिससे मिशन के ग्रामों में योजना का बेहतर प्रचार-प्रसार किया गया जिसमें प्रमुख रूप से घर-घर जाकर प्रचार सामग्री का वितरण, जागरूकता रैली, चैपाल चर्चा, नुक्कड़ नाटक, हितधारकों का क्षमतावर्धन इत्यादि के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की जनभागीदारी एवं ग्राम में योजना के संचालन एवं संधारण हेतु क्रियाशील स्व सहायता समूह की भूमिका को सुनिश्चित् किया।

जिसका परिणाम आज प्रतीत हो रहा है कि आज समूह द्वारा ग्राम के प्रत्येक परिवारों, स्कूलों, आंगनवाड़ियों एवं ग्राम पंचायत भवन में मानक गुणवत्ता वाला शुद्ध पेयजल नियमित रूप से प्रदाय किया जा रहा है जिससे ग्राम में मिशन को एक नया आयाम मिला है।

> “सशक्त महिला स्व सहायता समूह के नेतृत्व ने बदली गोड़ीपारा ग्राम की तस्वीर”

भोपाल जिले के फंदा विकासखंड की अमरावत कला पंचायत के शोभापुर जाहेज गांव जो की जिला मुख्यालय भोपाल शहर से 26 किमी दूर स्थित है। यहाँ कि कुल जनसंख्या 440 एवं कुल घरों की संख्या 70 है। यहाँ रहने वाली श्रीमती मीना लोधी ग्राम में जल जीवन मिशन की पहचान के रूप में जानी जाती हैं। ये ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की एक सक्रिय सदस्य भी हैं। श्रीमती लोधी ग्राम में योजना के संचालन एवं संधारण में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन बेहतर ढंग से कर रही हैं।

इनके द्वारा प्रतिदिन पंप संचालन करने से लेकर ग्राम के समस्त परिवारों से प्रतिमाह जलकर की राशि एकत्रित करने का कार्य किया जाता है। ये अपने कार्य को ग्राम की महिलाओं एवं समिति की अन्य महिला सदस्यों से बेहतर समन्वय कर सभी घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ती बनाये रखने, पानी की टंकियों की सफाई नियमित रूप से हो इसका ध्यान रखना आदि कार्य बखूबी कर रही हैं। मीना द्वारा ग्राम में लोगों के बीच पानी की समस्या एवं अन्य संबंधित मुद्दों पर ये अपनी कार्यशौली से संबंधितों के मध्य मध्यस्थता कराकर समस्या का उचित समाधान कर ग्राम की अन्य महिलाओं के बीच सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता का उदाहरण भी पेश कर रही हैं।

जल जीवन मिशन के आने से न केवल गांव के भौतिक संसाधनों का विकास हुआ है अपितु ग्रामीण सामाजिक जीवन में विशेषकर महिलाओं की स्थिति में भी सुधार हुआ है। महिलाएँ घर से बाहर निकलने लगी हैं, अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होकर आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। साथ ही गांव की महिला अब घर की चोखट पार कर गांव के विकास कार्यो में भी योगदान देने लगी है। इससे गांव की समृद्धि बढ़ी है।




> जल जीवन मिशन के माध्यम से महिला ने बदली ग्राम की तस्वीर

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.

# माह सितंबर में मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ




















# माह सितंबर में मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ

हर घर जल
जल जीवन मिशन






Collector Narsinghpur @dmnarsing... · 1m
#जल_जीवन_मिशन के तहत नरसिंहपुर ज़िले के ग्राम खमरिया के सभी 48 घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ियों को सुरक्षित नल के शुद्ध पानी के साथ #हर_घर_जल ग्राम बनने पर गाँव के सभी लोगों को बहुत बहुत बधाई।

Chief Minister, MP and 5 others


Collector Raisen @CollectorR... · 17h
💠 रायसेन जिले की बड़ी जनपद का ग्राम गौरामछवई बना #हर_घर_नल_से_जल ग्राम

💠 #जल_जीवन_मिशन अंतर्गत ग्राम गौरामछवई के सभी 343 घरों के साथ ही स्कूल और आंगनबाड़ी में नल से उपलब्ध हो रहा है शुद्ध पेयजल #JansamparkMP #HarGharJal @jaljeevan_ @JansamparkMP


## सोशल मीडिया


Public Health Enginee... · 18 Sept
#JalJeevanMissionMP के तहत नरसिंहपुर जिले के बम्होरी गाँव के सभी 225 ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ियों में अब मिल रहा नल से जल

@rshuklabjp
#HarGharJal
#JansamparkMP



Public Health Enginee... · 19 Sept
#JalJeevanMissionMP के तहत उज्जैन जिले के सकतखेड़ी गाँव के सभी 247 ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ियों में अब मिल रहा नल से जल

@rshuklabjp
#HarGharJal
#JansamparkMP



Public Health Engineering... · 2d
समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने सशक्त मॉनिटरिंग और उत्तरदायित्व निर्धारित हो

➡️पीएचई मंत्री श्री @rshuklabjp ने की समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा

RM : shorturl.at/gyOV0

#HarGharJal
#JansamparkMP


Collector Office Panna
4 Sept
#जल_जीवन_मिशन अंतर्गत पवई विकासखंड की ग्राम सुनेही में शत प्रतिशत घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल। सुनेही के स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित 249 घरों में सुरक्षित तरीके से नल से मिल रहा जल। ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी को दिया धन्यवाद।
#JansamparkMP
#हर_घर_जल
Jansampark Madhya Pradesh
Jal Jeevan Mission, India
CM Madhya Pradesh



Collector Chhindw... @dmchhindwara Follow
जल जीवन मिशन के अंतर्गत #छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड बिछुआ के ग्राम घोराड़ के सभी 169 ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनवाड़ियों को सुरक्षित नल के साथ शुध्द पानी उपलब्ध हो रहा है । इसी क्रम में हर घर जल ग्राम बनने के लिये ग्राम घोराड़ के ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई।

#HarGharJal

Translate post


PRO JS Datia @PROJSDatia Follow
#जलजीवनमिशन के तहत सभी ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ियों को सुरक्षित नल के शुद्ध पानी के साथ #हरघरजल ग्राम बनने के लिए मध्य प्रदेश राज्य दतिया जिले के इगुई गाँव के सभी लोगों को बहुत बहुत बधाई।
#हरघरजल
#जलजीवनमिशन
@jaljeevan_
@gssjodhpur
@prahladspatel
@CMMadhyaPradesh